Publication	Page No	Date
Rajasthan patrika	8	09 November’ 11

इंडियन ओपन में हिस्सा लेंगी 108 गोल्फर

नई दिल्ली. हीरो महिला इंडियन ओपन नौ से 11 दिसंबर तक गुड़गांव के डीएलएफ एंड कंट्री क्लब में खेला जाएगा, जिसमें 26 देशों की 108 गोल्फर हिस्सा लेंगी। महिला यूरोपियन टूर, महिला एशियन गोल्फ टूर और महिला गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त इंडियन ओपन में कुल तीन लाख डालर की पुरस्कार राशि दी जाएगी। टूर्नामेंट तीन दिन और 54 होल में खेला जाएगा। महिला गोल्फ एसोसिएशन ऑफ इंडिया की अध्यक्ष कविता सिंह ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इंडियन ओपन में यूरोप से 45, एशिया से 35 और भारत से 20 खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। इन बीस में 12 प्रोफेशनल शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों में स्मृति मेहरा, शर्मिला निकोलेट, नलिनी सिंह सिवाच, नेहा त्रिपाठी और अदिति अशोक अपनी दावेदारी पेश करेंगी।